आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 17.08.2026
समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी यूजीसी–नेट परीक्षा के तीन विषयों – अंग्रेजी, वाणिज्य और समाजशास्त्र विषयों में त्रुटियों की शिकायत के बाद इनकी दोबारा परीक्षा कराएगी।
- कैबिनेट मंत्री भरत सिंह चौधरी ने कहा– कुम्हारों की मिट्टी की समस्या दूर करने के लिए सरकार जल्द ही कैबिनेट में प्रस्ताव लाएगी।
- कृषि मंत्री गणेश जोशी ने हल्द्वानी में उत्तराखंड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड की समीक्षा की। स्वीकृत बजट को निर्धारित समय–सीमा पर खर्च करने के दिए निर्देश।
- प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना। देहरादून और बागेश्वर जिलों में कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट।

**राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी**

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी– एनटीए ने यूजीसी–नेट परीक्षा के तीन विषयों– अंग्रेजी, वाणिज्य और समाजशास्त्र के लिए दोबारा परीक्षा कराने की घोषणा की है। इन तीनों विषयों के पेपर में कई तरह की त्रुटियों की शिकायत मिलने के बाद यह निर्णय लिया गया है। एनटीए ने बताया कि अंग्रेजी विषय की परीक्षा 9 सितंबर को सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक प्रथम पाली में वाणिज्य विषय की परीक्षा उसी दिन दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक दूसरी पाली में होगी। समाजशास्त्र विषय की परीक्षा 10 सितंबर को सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक पहली पाली में आयोजित की जाएगी।

**माटी कला प्रस्ताव**

प्रदेश सरकार कुम्हारों की मिट्टी की समस्या जल्द दूर करने जा रही है। कैबिनेट मंत्री और माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष भरत सिंह चौधरी ने बताया कि सरकार जल्द ही कैबिनेट में इस संबंध में प्रस्ताव लाएगी, जिसमें उन स्थानों की पहचान की जा रहा है, जो मिट्टी कुम्हार के लिए उपयोगी है। साथ ही इसे खनन की परिधि से बाहर रखा जाएगा।

गौरतलब है कि अगले साल होने वाले अर्ध कुंभ को राज्य सरकार ग्रीन कुंभ के तौर पर आयोजित करने जा रही है। मेला अवधि के दौरान प्लास्टिक का कम से कम इस्तेमाल हो, इसका भी पूरा ध्यान रखा जा रहा है। खासतौर पर कुम्हारों के लिए करीब 15 करोड़ कुल्हड़ और अन्य मिट्टी के बर्तन बनाने का लक्ष्य तय किया गया है, ताकि प्लास्टिक से होने वाले प्रदूषण को कम किया जा सके।

**स्वास्थ्य विभाग पौड़ी**

बरसात के मौसम में पहाड़ी क्षेत्रों में सड़कें बाधित होने की आशंका के चलते स्वास्थ्य विभाग गर्भवती महिलाओं की सुरक्षित डिलीवरी की पहले से तैयारी कर रहा है। दूरस्थ क्षेत्रों में प्रसव की संभावित तिथि से करीब एक सप्ताह पहले गर्भवती महिलाओं को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या अस्पताल में शिफ्ट किया जा रहा है, ताकि सड़क बंद होने की स्थिति में जच्चा–बच्चा दोनों को समय पर उपचार मिल सके। पौड़ी जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एलडी सेमवाल ने बताया कि उच्च जोखिम के साथ ही सामान्य प्रसव वाली महिलाओं को भी प्रसव से पूर्व अस्पताल में शिफ्ट होने की सलाह दी जा रही है।

वहीं, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाबौ के चिकित्सा अधिकारी पंकज सिंह ने बताया कि संबंधित क्षेत्रों की आशा और एएनएम लगातार गर्भवती महिलाओं के संपर्क में हैं।

**कृशि मंत्री**

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने आज नैनीताल जिले के हल्द्वानी में उत्तराखंड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने उत्तरकाशी जिले की नई मंडी नौगांव के क्रियान्वयन सहित मंडी बोर्ड की विभिन्न योजनाओं और कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि मंडी बोर्ड की आय के लिए 175 करोड़ रुपये का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस पर कृषि मंत्री ने अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को योजनाओं का समयबद्ध लाभ मिलना सुनिश्चित किया जाए और मंडी बोर्ड से संबंधित विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। श्री जोशी ने विभागीय अधिकारियों को स्वीकृत बजट का निर्धारित समय–सीमा के भीतर शत–प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। साथ ही योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने और किसानों के हितों से जुड़ी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक प्राथमिकता के आधार पर पहुंचाए जाने पर जोर दिया। कृषि मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की आय बढ़ाने, कृषि उत्पादों के बेहतर विपणन और किसानों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य कर रही है। मंडी व्यवस्था को मजबूत करने के साथ–साथ कोल्ड स्टोरेज और ई–नाम जैसी सुविधाओं का विस्तार किसानों के लिए लाभकारी साबित होगा।

## मौसम

मौसम विभाग ने आज प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है। विभाग ने आज देहरादून और बागेश्वर जिलों में कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जबकि राज्य के शेष जिलों में भी कहीं–कहीं तेज बारिश का येलो अलर्ट है। मौसम विभाग के निदेशक सी.एस तोमर ने चारधाम यात्रा और पर्यटन क्षेत्रों में जाने वाले यात्रियों से मौसम का पूर्वानुमान देखकर ही यात्रा करने की सलाह दी है।

## पीएम गति शक्ति

पीएम गति शक्ति पहल के अंतर्गत अब तक विभिन्न मंत्रालयों की लगभग अठारह लाख छियासठ हजार करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाली कुल 396 अवसंरचना परियोजनाओं को मंजूरी के लिए सिफारिश की गई है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने बताया कि इनमें से 256 परियोजनाओं को मंजूरी दी जा चुकी है। इन परियोजनाओं में से 198 परियोजनाओं की कार्यान्वयन प्रक्रिया में हैं। मंत्रालय ने कहा कि इन परियोजनाओं का मूल्यांकन नेटवर्क प्लानिंग ग्रुप –एनपीजी तंत्र के माध्यम से किया गया है। यह जानकारी वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने संसद में हाल ही में संपन्न मानसून सत्र के दौरान लोकसभा में लिखित उत्तर में दी। इसका उद्देश्य विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों तथा राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को एकीकृत योजना और अवसंरचना परियोजनाओं के समन्वित कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए एक साथ लाना है।

## लखपति दीदी

हरिद्वार जिले में पिरान कलियर विधानसभा क्षेत्र के ढंडेरी ख्वाजीपुर में लखपति दीदी सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में जिले के अलग–अलग क्षेत्रों से स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं ने भाग लिया। इस दौरान बेहतर काम करने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया गया। लखपति दीदी योजना की लाभांवित महिलाओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस योजना को संचालित करके महिलाओं का सम्मान बढ़ाया है। योजना के तहत ग्रामीण महिलाओं को रोजगार से जोड़कर उन्हें आत्म निर्भर बनाने का प्रयास किया है। गौरतलब है कि लखपति दीदी योजना में मत्स्य पालन, पशुपालन और अन्य योजनाओं के जरिए महिलाओं को सब्सिडी और ब्याज मुक्त ऋण की सुविधा दी जा रही है। प्रदेश में अब तक करीब दो लाख 80 हजार महिलाएं इस योजना का लाभ उठाकर लखपति दीदी बन चुकी हैं।